|| ए मालिक तेरे बन्दे हम ऐसे हो हमारे करम प्रार्थना ||

Chalisamantras.com

ए मालिक तेरे बन्दे हम,
ऐसे हो हमारे करम
नेकी पर चले और बदी से टले,
ताकी हँसते हुये निकले दम ।

ये अंधेरा घना छा रहा,
तेरा इन्सान घबरा रहा
हो रहा बेख़बर, कुछ ना आता नज़र,
सुख का सूरज छुपा जा रहा
है तेरी रोशनी में जो दम,
तू अमावस को कर दे पूनम ।
नेकी पर चले और बदी से टले,
ताकी हँसते हुये निकले दम ।

जब जुल्मों का हो सामना,
तब तू ही हमें थामना
वो बुराई करें, हम भलाई भरें,
नहीं बदले की हो कामना
बढ़ उठे प्यार का हर कदम,
और मिटे बैर का ये भरम ।
नेकी पर चले और बदी से टले,
ताकी हँसते हुये निकले दम ।

बड़ा कमजोर है आदमी,
अभी लाखों हैं इस में कमी
पर तू जो खड़ा, है दयालू बड़ा,
तेरी क्रिपा से धरती थमी

Chalisamantras.com

दिया तूने हमें जब जनम,
तू ही झेलेगा हम सब के ग़म ।
नेकी पर चले और बदी से टले,
ताकी हँसते हुये निकले दम ।

ए मालिक तेरे बन्दे हम,
ऐसे हो हमारे करम
नेकी पर चले और बदी से टले,
ताकी हँसते हुये निकले दम ।

Chalisamantras.com

Chalisamantras.com